JAIPRAKASH
POWER VENTURES LIMITED

Ref: JPVL:SEC:2023

11th November, 2023

The Manager,
Listing Department,
**National Stock Exchange of India Ltd.,**
"Exchange Plaza", C-1, Block G,
Bandra-Kurla Complex,
Bandra (E),
Mumbai -400 051

**Scrip Code: JPPOWER**

The Manager,
Listing Department,
**BSE Limited,**
25th Floor, New Trading Ring,
Rotunda Building,
P J Towers, Dalal Street, Fort,
Mumbai - 400 001

**Scrip Code: 532627**

**Sub: Submission of Newspaper publication of Financial Results for the Quarter and Half Year ended on 30th September, 2023.**

Dear Sirs,

Pursuant to Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copies of Newspaper Advertisements pertaining to publication of Financial Results for the Quarter and half year ended on 30th September, 2023, published in Financial Express –Delhi (English), Dainik Jagran, Rewa and Bhopal (Hindi) Jansatta -Delhi (Hindi).

The aforesaid Newspaper Publication have already been uploaded on Company's website.

Please take the aforesaid information on records of the Exchanges.

Thanking you,

Yours faithfully,
For Jaiprakash Power Ventures Limited

Mahesh Chaturvedi

Digitally signed by Mahesh Chaturvedi
DN: c=IN, st=Delhi, 2.5.4.20=8b3abcb378eb3f74cc88942d7bc12866101a4552f0a653d7960f36577b22501a, postalCode=110058, street=West Delhi, pseudonym=b77f4058f00e22ce3dcbfa4593da073c, serialNumber=2daa0bdba4bf94e131b7b7721f43e683433ed14a771718457fa66d7e0eb899fd, o=Personal, cn=Mahesh Chaturvedi
Date: 2023.11.11 14:43:56 +05'30'

(MAHESH CHATURVEDI)
G.M. and Company Secretary
FCS : 3188

Encl: As above

JAYPEE GROUP

**Corp. Office :** 'JA House' 63, Basant Lok, Vasant Vihar, New Delhi-110057 (India)
Ph. : +91 (11) 26141358 Fax : +91 (11) 26145389, 26143591
**Regd. Office :** Complex of Jaypee Nigrie Super Thermal Power Plant, Nigrie Tehsil Sarai, Distt. Singrauli-486669, (M.P.) Ph. : +91 (7801) 286021-39 Fax : +91 (7801) 286020
**E-mail :** jpvl.investor@jalindia.co.in, **Website :** www.jppowerventures.com
**CIN :** L40101MP1994PLC042920



# शुक्र प्रदोष और विष कुंभ योग के महासंयोग में हुआ कुबेर, लक्ष्मीजी और धन्वंतरि का पूजन

## रंगारंग आतिशबाजी से हुआ दिवाली का भव्य आगाज, दीयों के अलौकिक प्रकाश से रोशन हुआ घर-घर, धनतेरस पर मंदिर, घर और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में हुई पारंपरिक पूजा

**जागरण सिटी रिपोर्टर।** धन और समृद्धि के उत्सव धनतेरस पर देवी लक्ष्मीजी, कुबेर और भगवान धन्वंतरि की मंदिर, घर और व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर पूजा हुई। साथ ही दीयों की रोशनी से राजधानी के मंदिर और घर चमक उठे। इस बार धनत्रयोदशी के साथ शुक्र प्रदोष और विष कुंभ योग का महासंयोग बना जिसमें लोगों ने जमकर सोना, चांदी के आभूषणों की खरीदाकारी की। शाम को विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ जहां पूजन करने के बाद शहरवासियों ने रंगारंग आतिशबाजी के साथ दीपावली के आगाज का संदेश दिया।



### प्रभु ने धारण किए हरे जरी वस्त्र और सोने का मुकुट

लखेरापुरा स्थित श्रीजी मंदिर में धनतेरस पर प्रभु श्रीनाथजी को हरे जरी के वस्त्र के साथ सिर पर सुनहरे मुकुट अलंकृत किया गया। साथ ही सोने एवं पन्ने के आभूषण धारण कर प्रभु हटरी (चांदी के बंगले) में विराजमान हुए। प्रभुश्रीनाथ जी को मोहन थाल मठरी का भोग लगाया गया। इसके अतिरिक्त मंदिर के अंदर गौशाला में भी गौमाता का श्रृंगार किया एवं गुड से बनी थुली खिलाई। शाम को वैष्णव जनों ने गौशाला में दीपक भी लगाया। पूजन के समय 104 वर्ष पुरानी पीतल से निर्मित दीप मालिका प्रच्वलित की गई।

### रत्नों और आभूषणों से हुआ भव्य श्रृंगार

प्राचीन श्री बड़वाले महादेव मंदिर में हर्षोल्लास के साथ दीपोत्सव पर्व मनाया गया। समिति के संयोजक संजय अग्रवाल ने बताया कि धनतेरस एवं शिव प्रदोष व्रत के शुभ अवसर पर मंदिर में बाबा बटेश्वर और माता गोरा की रजत प्रतिमा को विभिन्न प्रकार के आभूषणों एवं रत्नों से राजश्री श्रृंगार किया गया। इसके साथ ही मंदिर परिसर 5100 दीपों से सजा रहा।

### आकाशदीपों और आतिशबाजी से रोशन हुआ आकाश

4 दिवसीय दीपावली उत्सव करुणाधाम आश्रम में धनतेरस पर शुक्रवार को भव्य इलेक्ट्रॉनिक आतिशबाजी के साथ शुरू हुआ। यहां कई प्रकार के रॉकेट और शॉट्स की रोशनी से आकाश सतरंगी हो गया। इसके साथ ही करीब 500 आकाशदीपों ने आसमान को रोशन किया। इसके पहले मां महालक्ष्मी का विशेष पूजन हुआ तथा उनका भव्य श्रंगार किया गया। महाआरती के समय परिसर में भक्तों का तांता लग गया। पूजन और आरती के बाद शानदार इलेक्ट्रॉनिक आतिशबाजी ने रंग जमा दिया वहीं लोगों ने आकाशदीप हवा में छोड़कर धनतेरस की संध्या को दिव्यता के प्रकाश से सराबोर कर दिया।



# नरक चौदस पर आयुष्मान योग, चित्रा-स्वाति नक्षत्र का संयोग, यमराज के लिए करें दीपदान

### आज और कल दोनों दिन नरक चौदस

**जागरण सिटी रिपोर्टर।** दीपावली के पांच उत्सवों में शामिल नरक चतुर्दशी को रूप चौदस भी कहा जाता है। पंचांग के अनुसार, यह दो दिन 11 और 12 नवंबर को रहेगी। उदया तिथि से इसे 12 नवंबर को मनाया जाएगा। इसी दिन अमावस्या लगने पर दिवाली मनाई जाएगी।

**नरक चतुर्दशी मुहूर्त:** चतुर्दशी 11 नवंबर को दोपहर 1 बजकर 50 मिनट से शुरू होकर अगले दिन 2 बजकर 37 मिनट तक रहेगी। इस दिन को सौन्दर्य सिद्धि दिन भी कहते हैं। इस दिन भगवान कृष्ण, भगवान वामन और राजा बली की पूजा करना फलदायी रहता है।

**नरक चतुर्दशी पर शुभ योग:** ज्योतिषाचार्य के अनुसार, इस दिन आयुष्मान योग, चित्रा और स्वाति नक्षत्र का योग रहेगा। दोनों नक्षत्र स्त्री संज्ञक माने गए हैं। यह दिन महिलाओं के लिए बेहद खास रहेगा। वे उबटन लगाकर स्नान करें। इस दिन कुलदेवी, देवी लक्ष्मी और श्रीकृष्ण की पूजा और मंत्र जाप करना श्रेष्ठ रहता है।

**नरक चतुर्दशी के उपाय:** नरक चतुर्दशी के दिन शरीर पर तेल लगाकार नहाने से आर्थिक तंगी दूर होती है। इस दिन हनुमान जी को सिंदूर और चमेली का तेल मिलाकर चोला चढ़ाने से कष्टों से राहत मिलती है।

**सूर्यास्त के बाद घर के दरवाजे पर जलाएं 14 दीपक :** नरक चतुर्दशी के दिन यम देव के नाम का दीपक जलाएं।



सूर्यास्त के बाद घर के दरवाजे पर 14 दीपक जलाकर दक्षिण दिशा की ओर मुंह करके रखना चाहिए। नरक चतुर्दशी के दिन भगवान कृष्ण ने नरकासुर का वध किया था। इस दिन को काली चौदस भी कहा जाता है। इस दिन माता कालिका की आराधना करने से मनोकामना की पूर्ति होती है।

### नरक चतुर्दशी की कथा और महत्व

इस रात दीए जलाने की प्रथा के संदर्भ में कई पौराणिक कथाएं और लोकमान्यताएं हैं। एक कथा के अनुसार आज के दिन ही भगवान श्री कृष्ण ने अत्याचारी और दुराचारी दुर्दांत असुर नरकासुर का वध किया था और सोलह हजार एक सौ कन्याओं को नरकासुर के बंदी गृह से मुक्त कर उन्हें सम्मान प्रदान किया था। इस उपलक्ष में दीयों की बारात सजाई जाती है। इस दिन के व्रत और पूजा के संदर्भ में एक दूसरी कथा यह है कि रंति देव नामक एक पुण्यात्मा और धर्मात्मा राजा थे। उन्होंने अनजाने में भी कोई पाप नहीं किया था लेकिन जब मृत्यु का समय आया तो उनके समक्ष यमदूत आ खड़े हुए। यमदूत को सामने देख राजा अचंभित हुए और बोले मैंने तो कभी कोई पाप कर्म नहीं किया फिर आप लोग मुझे लेने क्यों आए हो क्योंकि आपके यहां आने का मतलब है कि मुझे नर्क जाना होगा। आप मुझ पर कृपा करें और बताएं कि मेरे किस अपराध के कारण मुझे नरक जाना पड़ रहा है। यह सुनकर यमदूत ने कहा कि हे राजन् एक बार आपके द्वार से एक बार एक ब्राह्मण भूखा लौट गया था, यह उसी पापकर्म का फल है। इसके बाद राजा ने यमदूत से एक वर्ष समय मांगा। तब यमदूतों ने राजा को एक वर्ष की मोहलत दे दी। राजा अपनी परेशानी लेकर ऋषियों के पास पहुंचे और उन्हें अपनी सारी कहानी सुनाकर उनसे इस पाप से मुक्ति का क्या उपाय पूछा। तब ऋषि ने उन्हें बताया कि कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी का व्रत करें और ब्राह्मणों को भोजन करवा कर उनके प्रति हुए अपने अपराधों के लिए क्षमा याचना करें। राजा ने वैसा ही किया जैसा ऋषियों ने उन्हें बताया। इस प्रकार राजा पाप मुक्त हुए और उन्हें विष्णु लोक में स्थान प्राप्त हुआ। उस दिन से पाप और नर्क से मुक्ति हेतु भूलोक में कार्तिक चतुर्दशी के दिन का व्रत प्रचलित है।

## जागरण अर्थ

# सर्राफा एक्सचेंज के जरिये सोने की तरह चांदी भी कर सकेंगे इम्पोर्ट

### ज्वैलर्स को एडवांस पेमेंट भेजने की परमिशन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ज्वैलर्स के लिए एक अच्छी खबर आई है। सोने की तरह अब ज्वैलर्स भी अब सर्राफा एक्सचेंज के जरिये चांदी का आयात कर सकेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को एक नोटिफिकेशन जारी कर योग्य ज्वैलर्स को सोने के इम्पोर्ट की तरह ही इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज आईएफएससी लिमिटेड के जरिये चांदी इम्पोर्ट (आयात) करने की अनुमति दे दी। खबर के मुताबिक, इम्पोर्ट के सेटलमेंट से जुड़े बैंकों को निर्देश दिया गया है कि वे चांदी का आयात करने वाले ज्वैलर्स को 11 दिन के लिए एडवांस पेमेंट भेजने की परमिशन दें, जैसा की सोने के मामले में पहले ही लागू किया गया है। आरबीआई के आदेश में कहा गया है, आईएफएससीए द्वारा नोटिफाई योग्य ज्वैलर्स को आईआईबीएक्स के माध्यम से विशिष्ट आईटीसी कोड के तहत चांदी आयात करने की अनुमति दी गई है। यह फैसला लिया गया कि अधिकृत बैंक योग्य ज्वैलर्स को आईआईबीएक्स के जरिये चांदी के आयात के लिए 11 दिनों के लिए एडवांस पेमेंट भेजने की परमिशन दे सकते हैं। यह 25 मई 2022 के सर्कुलर की शर्तों के अधीन होगा।



पहले, चांदी के इम्पोर्ट पर बहुत ज्यादा बैन था। सिर्फ नामांकित एजेंसियों को ही इन्हें संभालने की परमिशन थी। बैंकों के लिए आरबीआई और दूसरी एजेंसियों के लिए डीजीएफटी द्वारा नामित किया गया था। रिफाइनरियां कुछ शर्तों के तहत सिल्वर डोरे का भी आयात कर सकती हैं। इस फैसले से भारत के चांदी व्यापार पर पॉजिटिव असर पड़ने की उम्मीद है। इससे योग्य ज्वैलर्स को अपने चांदी के आयात के लिए अतिरिक्त रास्ते मिलेंगे और आईएफएससीए के माध्यम से व्यापार को सुव्यवस्थित करने के सरकार के लक्ष्यों के साथ तालमेल बिठाया जा सकेगा।

### हम एक अच्छे त्यौहारी सीजन की उम्मीद कर रहे हैं : वेंकटरमन

**व्यापार प्रतिनिधि, भोपाल।** हम ग्राहकों को लुभाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं, चाहे वे कहीं भी हों, चाहे वे भौतिक हों या डिजिटल। कंपनी एक अच्छे त्यौहारी सीजन की उम्मीद कर रही है और अपेक्षित मांग हासिल करने के लिए उत्पाद नवाचारों, नए लॉन्च और मार्केटिंग इंवेस्टमेंट, प्रमोशनल ऑफर्स को अपनाने की योजना बना रही है। यह जानकारी टाइटन के प्रबंध निदेशक सीके वेंकटरमन ने दी। वे राजधानी में एक दिनी प्रवास पर पधारे थे। उन्होंने बताया कि कंपनी अब अपने आभूषण ब्रांड तनिष्क को अमेरिका और अन्य पश्चिमी एशियाई बाजारों में ले जाने की योजना बना रही है। वेंकटरमन ने दिवाली के अवसर पर तनिष्क का नया कलेक्शन 'धरोहर' को लॉन्च किया। 'धरोहर' कलेक्शन में प्लेन गोल्ड, विंटेज और कुंदन आभूषण डिजाइनों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, इसका हर आभूषण तनिष्क महिला को, विरासतों की सच्ची कस्टोडियन को सम्मानित करता है।



### सिख समाज ने बीसीसीआई के अध्यक्ष पाली का किया सम्मान



**जासि।** सिख समाज ने भोपाल चेंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज(बीसीसीआइ) के अध्यक्ष तेजकुल पाल सिंह पाली का सम्मान किया। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व दिग्विजय सिंह का का आभार माना है। दरअसल हाल ही में पाली को कांग्रेस आला कमान ने मप्र कांग्रेस कमेटी का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया है। सिख समाज भोपाल के प्रमुख मनजीत सिंह सैनी ने बताया कि सिख समाज परिश्रम करने वाला समाज है। भोपाल सहित प्रदेश के अलग-अलग शहरों में सिख समाज के लोग निवास कर रहे हैं। गुरुद्वारा कमेटियों की ओर से बड़ी संख्या में जरूरमंद लोगों को लंगर(भोजन)कराने का काम निःशुल्क किया जा रहा है। स्वास्थ्य संबंधी निःशुल्क शिविर लगाए जाते हैं, जिसका लाभ सभी समाज के लोगों को मिलता है। पाली ने सिख समाज का मान बढ़ा रहे हैं। वे सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय होने के साथ ही व्यापारियों की समस्याओं को सरकार के समक्ष उठाकर, उनका निराकरण कराने के लिए सक्रिय रहते हैं।


## पश्चिम मध्य रेल

**म.रे.प्र./कार्य/भोपाल ■ खुली ई-निविदा सूचना ■ दि. 09.11.2023**

**वरिष्ठ मण्डल अभियंता/सम./पश्चिम मध्य रेल, भोपाल,** भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15.30 बजे तक ई–टेन्डर आमंत्रित करते है। संपुर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं मण्डल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेन्डर के लिए कोई मॅन्युअल ऑफर मान्य नहीं है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरुरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा, तथा मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। निविदाकारों से निवेदन है, कि वह जीएसटी कानुन 2017 के प्रावधानों के अनुसार अपने दर तथा निविदाएं प्रस्तुत करें। **NIT No.:** 23-24-C-33-90, Date 07.11.2023. **Name of work including Location:** वरि. मंडल अभियंता/मध्य/भोपाल के सेक्शन में बीना-भोपाल खंड पर विदिशा-सोराई-सुमेर सेक्शन में कन्टीन्युअस ब्रोकन रेल डिटेक्शन सिस्टिम के ट्रायल का कार्य। **Published cost of tender:** ₹ 1,50,00,000/-. **Earnest Money:** ₹ 2,25,000/-. **Completion Period:** 14 माह। **Last date for submitting tender:** 29.11.2023. **NIT No.:** 23-24-N-17-91, Date 08.11.2023. **Name of work including Location:** सहायक मंडल अभियंता/बीना उपमंडल पर वरि. अनु. अभि./रेलपथ/उत्तर/बीना के अधीन ट्रैक कार्यों के विविध मरम्मत तथा रखरखाव का कार्य। **Published cost of tender:** ₹ 56,45,114/-. **Earnest Money:** ₹ 1,12,900/-. **Completion Period:** 10 माह। **Last date for submitting tender:** 30.11.2023. **NIT No.:** 23-24-N-18-92, Date 08.11.2023. **Name of work including Location:** सहायक मंडल अभियंता/बीना उपमंडल पर वरि. अनु. अभि./रेलपथ/दक्षिण/बीना के अधीन ट्रैक कार्यों के विविध मरम्मत तथा रखरखाव का कार्य। **Published cost of tender:** ₹ 58,97,855/-. **Earnest Money:** ₹ 1,18,000/-. **Completion Period:** 10 माह। **Last date for submitting tender:** 30.11.2023. **NIT No.:** 23-24-N-19-93, Date 08.11.2023. **Name of work including Location:** सहायक मंडल अभियंता/गुना उपमंडल पर वरि. अनु. अभि./रेलपथ/गुना के अधीन ट्रैक कार्यों के विविध मरम्मत तथा रखरखाव का कार्य। **Published cost of tender:** ₹ 63,06,420/-. **Earnest Money:** ₹ 1,26,100/-. **Completion Period:** 10 माह। **Last date for submitting tender:** 30.11.2023. **NIT No.:** 23-24-N-20-94, Date 08.11.2023. **Name of work including Location:** सहायक मंडल अभियंता/गुना उपमंडल पर वरि. अनु. अभि./रेलपथ/अशोकनगर के अधीन ट्रैक कार्यों के विविध मरम्मत तथा रखरखाव का कार्य। **Published cost of tender:** ₹ 64,54,723/-. **Earnest Money:** ₹ 1,29,100/-. **Completion Period:** 10 माह। **Last date for submitting tender:** 30.11.2023.

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर


## बिजनेस प्लस


### भूकंप पीड़ितों के लिए पतंजलि बना सहारा

**हरिद्वार।** नेपाल के विनाशकारी भूकंप में सैकड़ों लोगों की जीवनलीला समाप्त हो गई परन्तु इस प्राकृतिक आपदा के कारण जिनका जीवन संघर्षमय हो गया है उनके लिए तो हम कुछ कर ही सकते हैं। हमें आपदा पीड़ितों के लिए आगे आना चाहिए और यथा सम्भव सहयोग करना चाहिए। इसी भाव से पतंजलि आपदा के समय नेपालवासियों का सहारा बनकर सामने आया है। पतंजलि के द्वारा नेपाल में भूकंप पीड़ितों के सहायतार्थ जरूरी सामान तथा खाद्य सामग्री लेकर आठ ट्रक रवाना किए गए हैं। पदार्था स्थित पतंजलि फूड पार्क से पतंजलि के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रामदेव जी महाराज तथा महामंत्री आचार्य बालकृष्ण जी महाराज ने झण्डी दिखाकर ट्रकों को रवाना किया। इस अवसर पर स्वामी रामदेव जी महाराज ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में पतंजलि पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है।



### दिवाली के मौके पर रिलायंस डिजिटल का इलेक्ट्रॉनिक्स फेस्टिवल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इस दिवाली, रिलायंस डिजिटल के इलेक्ट्रॉनिक्स फेस्टिवल के साथ प्यार और रोशनी के साथ-साथ खुशियाँ बाटें, और अपने लिए और अपनों के लिए सही उपहार घर ले जाएं। चाहे होम मेकर हो, गेमर हो या फिर आपके ग्रुप में कोई फिटनेस फ्रीक हो, यहां सभी के लिए कुछ ना कुछ जरूर है, जिनमें टीवी और होम अप्लायंसेस से लेकर ऑडियो डिवाइस, मोबाइल फोन, लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की बड़ी रेंज और इसी तरह के ढेर सारे इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की बड़ी रेंज में से अपने पसंदीदा सामानों की खरीदारी कर सकते हैं। अब समय आ गया है कि आप दिल खोल के का जश्न मनाने और दिवाली की खुशियों में चार चांद लगाने के लिए तैयार हो जाइए! आप सभी प्रमुख बैंकों के क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर 15,000 रुपये तक के इंस्टेंट डिस्काउंट के साथ-साथ आसान ईएमआई विकल्पों का भी लाभ उठा सकते हैं, और उत्सव को पहले से कहीं ज्यादा आनंददायक बना सकते हैं।





# JAIPRAKASH
## POWER VENTURES LIMITED

**Regd. Office :** Complex of Jaypee Nigrie Super Thermal Power Plant, Nigrie, Tehsil Sarai, District Singrauli - 486 669, (Madhya Pradesh)
**Corporate Office:** 'JA House' 63, Basant Lok, Vasant Vihar, New Delhi - 110057 (India)
**Website:** www.jppowerventures.com **Email:** jpvl.investor@jalindia.co.in **CIN :** L40101MP1994PLC042920

**STATEMENT OF STANDALONE & CONSOLIDATED UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER/HALF YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2023**

Rs. in Lakhs except Earning Per Share

| Sr. No. | Particulars | Standalone | | | | | | Consolidated | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Six Months Ended | | Year Ended | Quarter Ended | | | Six Months Ended | | Year Ended |
| | | 30.09.2023 | 30.06.2023 | 30.09.2022 | 30.09.2023 | 30.09.2022 | 31.03.2023 | 30.09.2023 | 30.06.2023 | 30.09.2022 | 30.09.2023 | 30.09.2022 | 31.03.2023 |
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| 1 | Total income from operations (net) | 135,915 | 171,469 | 150,128 | 307,384 | 333,058 | 592,193 | 135,923 | 171,475 | 150,133 | 307,398 | 333,068 | 592,215 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before tax and exceptional items) | 18,714 | 29,399 | 11,692 | 48,113 | 48,904 | 22,670 | 18,721 | 29,405 | 11,696 | 48,126 | 48,911 | 23,210 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional items) | 10,778 | 29,399 | 11,692 | 40,177 | 48,904 | 22,670 | 10,785 | 29,405 | 11,696 | 40,190 | 48,911 | 22,542 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional items) | 6,859 | 19,159 | 7,538 | 26,018 | 31,731 | 5,902 | 6,866 | 19,165 | 7,542 | 26,031 | 31,738 | 5,542 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) | 6,879 | 19,179 | 7,533 | 26,058 | 31,722 | 5,979 | 6,886 | 19,185 | 7,537 | 26,071 | 31,729 | 5,619 |
| 6 | Equity Share Capital | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 |
| 7 | Other equity | | | | | | 12,278 | | | | | | (21,346) |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (in Rs.) | | | | | | | | | | | | |
| | Basic : | 0.06 | 0.18 | 0.07 | 0.24 | 0.30 | 0.05 | 0.06 | 0.18 | 0.07 | 0.24 | 0.30 | 0.05 |
| | Diluted : | 0.06 | 0.18 | 0.07 | 0.24 | 0.30 | 0.05 | 0.06 | 0.18 | 0.07 | 0.24 | 0.30 | 0.05 |

**Note :** The above is an extract of the detailed statement of Quarter/Half Year ended financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full Quarter/Half Year ended financial results are available on the Stock Exchange websites i.e. **www.bseindia.com** & **www.nseindia.com** and also on the Company's website i.e. **www.jppowerventures.com**

Place : New Delhi
Dated : 10th November, 2023

JAYPEE GROUP

For and on behalf of the Board
MANOJ GAUR
CHAIRMAN
DIN 00008480

# गोवर्धन पूजा के दिन शोभन योग, खेती के लिए होगा लाभदायक

## कुछ राशियों के लिए होगा अति शुभ

**जागरण, रीवा।** कार्तिक शुक्ल द्वितीया के दिन होने वाली गोवर्धन पूजा इस बार महत्वपूर्ण योगों व नक्षत्र के संयोग में होगी। गोवर्धन पूजा के दिन 14 नवम्बर को अति महत्वपूर्ण शोभन व अतिगण्ड योग का संगम होगा। साथ ही अनुराधा नक्षत्र रहेगा। ज्योतिषाचार्यों का मानना है कि इन शुभ योगों के संयोग में गोवर्धन पूजा बेहद शुभफलदायक होगी। यह संयोग मानव जीवन पर भी असर डालेगा। सभी राशियों के लिए इसका प्रभाव सकारात्मक होगा, लेकिन कुछ राशियों के लिए विशेष शुभ फल लेकर आएगा। ज्योतिषियों के अनुसार गोवर्धन



पूजा का सम्बंध कृषि से होने के चलते यह संयोग खेतीबाड़ी के लिए विशेष फायदेमंद रहेगा। इस साल कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि की शुरुआत 13 नवंबर को दोपहर 02.56 बजे से हो रही है। इस तिथि का समापन अगले दिन 14 नवंबर को दोपहर 02.36 बजे होगा। उदया तिथि को देखते हुए गोवर्धन पूजा 14 नवंबर को होगी।

### इनके लिए अति लाभप्रद

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार शोभन, अतिगण्ड योग व अनुराधा नक्षत्र का संयोग मिथुन राशि वालों के लिए काफी लाभकारी साबित होने वाला है। आय में वृद्धि होगी। इस संयोग से कन्या राशि वालों को जमकर धन लाभ हो सकता है। आय के नए स्तोत्र बनेंगे। मकर राशि के लिए यह संयोग अनुकूल साबित होगा। कार्यक्षेत्र में मनचाहे परिणाम मिलेंगे। धन लाभ हो सकता है।

### गोवर्धन पूजा का शुभ मुहूर्त

14 नवंबर मंगलवार को गोवर्धन पूजा के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 06.43 बजे से लेकर सुबह 08.52 बजे तक है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार गोवर्धन पूजा के दिन शुभ योग बन रहे हैं। गोवर्धन पूजा पर शोभन योग प्रातः काल से लेकर दोपहर 01.57 बजे तक है। उसके बाद से अतिगंड योग शुरू हो जाएगा। अतिगंड योग विशेष महत्वपूर्ण नहीं माना जाता है, लेकिन इसके साथ शोभन योग की युति अत्यंत शुभ मानी जाती है। इसके अलावा गोवर्धन पूजा के दिन सुबह से ही अनुराधा नक्षत्र होगा। ये सभी संयोग मिलकर शुभकारी होंगे। कृषि व उससे जुड़े कार्यों के लिए यह संयोग विशेष लाभप्रद साबित होने वाला है।

# छात्रों ने लिया संकल्प, नहीं करेंगे आतिशबाजी



**रीवा।** आजाद नगर स्थित सावी मदर इंटरनेशनल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ दीवाली का त्योहार मनाया गया। विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों के साथ मिलकर राम भजन से शुरुआत की। सभी छात्रों में रंगोली दीया डेकोरेशन एवं वेस्ट मटेरियल से झालर बनाने की प्रतियोगिता हुई। बच्चों ने अयोध्या मंदिर, चंद्रयान-3 एवं मतदान पर आधारित रंगोली बनाकर सभी लोगों को मतदान देने के लिए प्रेरित किया। स्कूल में बच्चों ने दीवाली त्योहार में आतिशबाजी नहीं करने का भी संकल्प लिया। विद्यालय के प्राचार्य ने सभी को दीवाली का त्योहार सुरक्षित तरीके से मनाने की सलाह दी। पर्यावरण बचाने के लिए दिवाली पर तेज आतिशबाजी नहीं करने का सभी को संदेश दिया। शिक्षकों ने कहा कि स्कूलों में पढ़ाई का मानसिक तनाव न हो इसलिए इस तरह के आयोजनों से बच्चों में क्रिएटिविटी वर्क को निखारने के साथ-साथ पढ़ाई के बोझ को कम करने का प्रयास किया जाता है।

# सुरक्षाकर्मियों को 14 से 16 नवम्बर तक मिलेगा मतदान का अवसर

**रीवा।** विधानसभा आम चुनाव 2023 में मतदान दलों के साथ-साथ मतदान केन्द्र में सुरक्षाकर्मी भी तैनात रहेंगे। इसमें केन्द्रीय पुलिस बल, अर्द्धसैनिक बल, जिला पुलिस, होमगार्ड तथा निर्वाचन कार्य के लिए घोषित विभिन्न विभागों के विशेष पुलिस अधिकारी शामिल हैं। इन सभी को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा दी जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि सुरक्षा कर्मियों को 14 नवम्बर से 16 नवम्बर तक मतदान की सुविधा दी जा रही है। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक रीवा तथा मऊगंज एवं सभी विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग ऑफिसरों को सुरक्षा कर्मियों को मतदान की सुविधा देने के लिए सुविधा केन्द्र स्थापित करने के निर्देश दिए हैं।

# रीवा को 96 रन से पराजित कर सतना बना विजेता



## अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता (अंडर-15) सिद्धार्थ एवं अथर्व बने मैच के श्रेष्ठ खिलाड़ी

**जागरण, रीवा**

स्थानीय एमपीसीए क्रिकेट मैदान इटौरा मे खेली जा रही स्व. विजयपाल स्मृति अंतरजिला क्रिकेट प्रतियोगिता (अंडर-15) के अंतर्गत रीवा एवं सतना के बीच खेले जा रहे फाइनल मैच के तीसरे और अंतिम दिन सतना की टीम ने मेजबान रीवा को 96 रनों से पराजित करते हुये स्व. विजयपाल स्मृति ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया। रीवा को उपविजेता के रूप में ही संतोष करना पड़ा। फाइनल मैच के अंतिम दिन सतना की टीम ने अपनी दूसरी पारी के स्कोर को 3 विकेट पर 76 रनों से आगे बढ़ाना शुरू किया। रीवा के गेंदबाजों की नियंत्रित गेंदबाजी के चलते सतना की दूसरी पारी 61वें ओवर में 143 रनों पर आउट हो गयी। सतना की ओर से सिद्धार्थ मिश्रा ने बढ़िया बल्लेबाजी की तथा सर्वाधिक 56 रन बनाये। उनके अलावा स्वप्निल सिंह ने 32 रन व आदर्श यादव ने 26 रनों की उपयोगी पारियां खेलीं। रीवा के मध्यम तेज गेंदबाज रोहित साकेत ने बहुत अच्छी गेंदबाजी की तथा 3 विकेट लिये व पूरे मैच में 6 विकेट लिये।

सतना को पहली पारी में मिली 78 रनों की लीड को मिलाकर जीत के लिये कुल 222 रनों का लक्ष्य रीवा के सामने था, पर रीवा के बल्लेबाज दूसरी पारी में भी असफल रहे। पूरी टीम 43वें ओवर मे 125 रनों पर आउट हो गयी । रीवा की ओर से केवल दक्ष मौर्य ही कुछ प्रतिकार कर सके व उन्होने सर्वाधिक 48 रन बनाये। सतना की ओर से वैभव सिंह ने बेहतरीन गेंदबाजी की तथा रीवा के 4 बल्लेबाजों को पैवेलियन की राह दिखाई। वहीं अथर्व जैन ने पहली पारी की ही तरह दूसरी पारी में भी 3 विकेट लिये। इस प्रकार सतना ने 96 रनों की शानदार जीत दर्ज करते हुये विजेता बनने का गौरव पाया। इस 3 दिवसीय फाइनल मैच में मध्यप्रदेश स्टेट पैनल के अंपायर सीएल शुक्ला एवं जीतेन्द्र गुप्ता अंपायर रहे, जबकि मध्यप्रदेश स्टेट पैनल स्कोर विकास सिंह स्कोरर के रूप में थे। फाइनल मैच समाप्त होने के पश्चात पूर्व रणजी खिलाड़ी अनुराग सिंह द्वारा विजेता टीम सतना को स्व. विजयपाल ट्राफी एवं उपविजेता रीवा को उपविजेता ट्राफी प्रदान की गयी। समापन अवसर पर रीवा की संभागीय चयन समिति के सदस्य महेंद्र सिंह, मंडलीक मिश्रा (सीधी) के अतिरिक्त पूर्व राज्य स्तरीय चयनकर्ता शकील खान, आशीष मिश्रा, खुदा बख्श, सतना के कोच पार्थ सिंह, मैनेजर शिवम सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

## रीवा के सौम्य बने भारत ए टीम के कप्तान

### अगले माह दुबई में होगा अंडर-19 एशिया कप

इंग्लैण्ड, बांग्लादेश एवं भारत ए व भारत बी टीमों के बीच खेली जाने वाली चतुष्कोणीय सीरीज के लिये रीवा के सौम्य पाण्डेय को भारत ए टीम का कप्तान बनाया गया है। अगले माह दुबई मे होने वाले अंडर-19 एशिया कप एवं उसके बाद माह जनवरी 2024 में श्रीलंका में खेले जाने वाले अंडर-19 विश्वकप हेतु भारत की 19 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों की श्रेष्ठ टीम के चयन के उद्देश्य से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के द्वारा 13 नवंबर से विजयवाड़ा में एक चतुष्कोणीय श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें इंग्लैण्ड, बांग्लादेश एवं भारत ए तथा भारत बी की क्रिकेट टीमें भाग लेंगी । इस सीरीज के लिये रीवा के होनहार 18 वर्षीय वामहस्त स्पिन गेंदबाज सौम्य पाण्डेय को भारत ए टीम का कप्तान बनाया गया है। सौम्य पाण्डेय के



अंतरराष्ट्रीय मैचों हेतु भारत ए टीम का कप्तान बनाये जाने से रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन एवं क्रिकेट समुदाय में हर्ष की लहर व्याप्त है। रीवा के केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 के छात्र रह चुके बांये हाथ से बेहतरीन स्पिन गेंदबाजी करने वाले सौम्य पाण्डेय ने रीवा डिवीजन के कोच एरिल एंथोनी के मार्गदर्शन में 12 वर्ष की आयु से क्रिकेट खेलना शुरू किया व अपनी लगन व मेहनत के दम पर लगातार उन्होंने सफलता प्राप्त की।

**मप्र. की 16 वर्ष से कम आयु की टीम में भी खेल चुके हैं :** सौम्य मध्यप्रदेश की 16 वर्ष से कम आयु की टीम के लिये भी खेल चुके हैं, उसके बाद उन्हें प्रदेश की अंडर-19 टीम में भी शामिल किया गया व इस वर्ष वो बीसीसीआई की स्व. बीनू मांकड़ प्रतियोगिता हेतु मध्यप्रदेश का कप्तान भी बनाये गये। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में किये गये उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रभावित होकर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के द्वारा चैलेंजर ट्राफी हेतु भी उन्हें इंडिया ए टीम का कप्तान बनाया गया था। सौम्य के पिता कृष्ण कुमार पाण्डेय व माता शर्मीला पाण्डेय दोनों शिक्षक हैं। चैलेंजर ट्राफी हेतु सौम्य पाण्डेय का चयन होने पर रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक नागेंद्र सिंह, अध्यक्ष राजीव खन्ना, सचिव कमल श्रीवास्तव ने कहा है कि उनकी इस सफलता से आरडीसीए को गर्व की अनुभूति हो रही है।

# वनस्थली के बच्चों ने रंगोली बनाकर मनायी दीवाली



**जागरण, रीवा।** वनस्थली विद्यालय में शुक्रवार को दीपावली त्योहार का सेलीब्रेशन किया गया। जिसके तहत रंगोली प्रतियोगिता, दीया सज्जा प्रतियोगिता, पूजा थाली सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दीपावली त्योहार को पूरे विद्यालय ने हर्षोउल्लास से मनाया। अध्यापक एवं अध्यपिकाओं द्वारा मनमोहक राम सीता एवं लक्ष्मण के चित्र को रंगोली में उतारा गया। किंडरगार्टन के बच्चों को दीपावली से संबंधित ड्राइंग एवं दीपावली क्यों मनाई जाती है इसकी थीम दिखाई गई। कार्यक्रम के अंत मे समस्त प्रतिभागियों को चॉकलेट बाटी गई। विद्यालय डायरेक्टर मनोज तिवारी एवं प्रचार्य दिप्ति अग्रवाल द्वारा समस्त स्टाफ को गिफ्ट देकर दीपावली की शुभकामनाएं दी गई।

# छात्रों ने बनाया ऐप, चर्मरोगों का करेगा निदान

**रीवा।** जय ज्योति स्कूल जेपीनगर के कक्षा दसवीं के छात्र आदित्य कुमार सोनी, धवल मिश्रा, निशांत कुमार अम्बस्ट एवं अनन्या पाण्डेय ने अपनी नवीन अवधारणा से एक ऐप का निर्माण किया, जो चर्म रोगों का पता लगाने एवं उनका निदान करने में सक्षम है। यह कार्य धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा, पीजीटी भौतिकशास्त्र के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उद्यमिता एवं व्यावसायिक कौशल परिषद(एम.ई.पी.एस.सी.) एवं नवीन अवधारणा (थिंक स्टॉर्टअप) के सहयोग से प्रारंभ हुई इस प्रतियोगिता में देश भर से एक लाख दस हजार विद्यालयों ने भाग लिया जिसमें विद्यालय को प्रथम चरण में उच्त्तम एक हजार में स्थान प्राप्त हुआ तथा दूसरे चरण में उच्चतम सौ प्रविष्टियों में स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। जय ज्योति विद्यालय परिवार व प्रबंधन समिति ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# गुढ़ की समृद्धि के लिए एक-एक मत महत्वपूर्ण है : नागेन्द्र सिंह

**गुढ़।** गुढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नागेन्द्र सिंह ने आज चुआँ, घुरेहटी, कनौजा, महिया, दूबी, गढ़वा, डीही, बिहरिया, पड़रिया, नैकिन, रकरिया, गोरगी गांव पहुंचकर डोर टू डोर लोगों से जनसंपर्क किया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी नागेन्द्र सिंह ने जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 20 सालों के अंदर माफियाराज, गुंडाराज व आतंक पर कानून का हथौड़ा चलाया है। जिसका परिणाम है कि हम शांति से जी रहे हैं। भाजपा सरकार ने गरीबों, असहायों व शिक्षित नौजवानों के लिए बेहतर कदम उठाए हैं। जिससे गरीबों को राशन, बेसहारों को सहारा व शिक्षित नौजवानों को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन काल में हर क्षोर के व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिला है। नागेंद्र सिंह ने कहा



कि गुढ़ व प्रदेश की समृद्धि के लिए आपका एक-एक मत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुढ़ मंडल अध्यक्ष कपूर चंद्र सोनी, डॉ. ओमप्रकाश मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लल्लू कुशवाहा, जनपद सदस्य पुत्तन रजक, जनपद सदस्य महाकाल मिश्रा, अरविंद सिंह पप्पू, अशोक सिंह सुपिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# कांग्रेस अपना वचन निभाने वाली पार्टी है: कमलेश्वर

**गुढ़।** विधानसभा चुनाव को लेकर लगातार सरगर्मियां तेज होती जा रही हैं, जिसको ध्यान में रखते हुए तमाम प्रत्याशी अपने-अपने पक्ष में प्रचार प्रसार व चुनावी जनसभाएं कर रहें हैं। इसी क्रम में शनिवार को शहीद त्रिभुवन नाथ विद्यालय परिसर में कांग्रेस की विशाल चुनावी जनसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व सीडब्ल्यूसी मेंबर कमलेश्वर पटेल ने सर्व समाज के साथ ही पिछड़ा वर्ग तथा हरिजन आदिवासियों से कांग्रेस सरकार बनाने और गुढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी से प्रत्याशी बनाये गये कुंवर कपिध्वज सिंह भइया साहब को जिताने की अपील की और कहा कि कांग्रेस पार्टी अपना वचन निभाने वाली पार्टी है। पार्टी जो कहती है उसे हर हाल में पूरा करती है। मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी।



आम गरीब खुशहाल होगा। प्रदेश की जनता भाजपा के कुशासन से मुक्ति होगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व सी डब्ल्यू सी मेंबर कमलेश्वर पटेल के अलावा पूर्व विधायक विद्यावती पटेल, गुढ़ ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्र उपाध्याय कांग्रेस नेता प्रभात वर्मा, दिनेश नारायण पिड़िहा, लक्ष्मण कोल, मोहन कुशवाहा, बी के पाण्डेय, मुश्ताक खान समेत हजारों की तादात में अन्य समाज के नेता और आम जन मौजूद रहे।

# भाजपा ने तेज किया प्रचार अभियान

**रीवा।** भारतीय जनता पार्टी ने रीवा विधानसभा के हर एक मतदान केंद्र में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं की टोली सघन जनसंपर्क अभियान में जुड़ चुकी है वहीं महिला मोर्चा के माध्यम से महिलाओं को भाजपा से जोड़ा जा रहा है। भाजपा महिला मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे सघन जनसंपर्क अभियान की अगुवाई मनीष पाठक, सुनीता शुक्ला कर रहीं हैं। सुनीता शुक्ला ने स्थानीय जनों से भाजपा को पुनः आशीर्वाद प्रदान करने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा ने हर वर्ग की चिंता की है खास कर रीवा में मंत्री जी ने रातों दिन एक करके नगर को उसे मुकाम तक पहुंचाया है जो हमारा अधिकार था। इस अवसर पर मनीषा पाठक मधु द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की कायकर्ता उपस्थिति रहीं। महिला मोर्चा ने रीवा विधानसभा के सगरा लक्ष्मणपुर कोठी सहित विभिन्न गांव में जनसंपर्क किया।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने की सभाएं



भाजपा के जिलाध्यक्ष डॉ अजय सिंह ने रीवा विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राजेन्द्र शुक्ल के समर्थन में रीवा ग्रामीण मंडल के ग्राम सोनौरा, कोठी एवं लक्ष्मणपुर में जनसंपर्क एवं उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित कर क्षेत्र के सतत विकास हेतु भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र शुक्ल के पक्ष में मतदान करने की अपील की। जिलाध्यक्ष डॉ अजय सिंह के रीवा विधानसभा में प्रवास के अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष संतोष तिवारी, जिला सह मीडिया प्रभारी विवेक पाण्डेय छोटू एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र शूक्ल आदि उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ पत्रकार जयराम शुक्ल ने पत्नी के साथ लिया देहदान का संकल्प



**रीवा।** जाने माने वरिष्ठ पत्रकार जयराम शुक्ल ने पत्नी के साथ देहदान का संकल्प लिया है। देहदान किए जाने की सारी औपचारिकताएं भी उन्होंने पूरी कर ली हैं। शपथ पत्र कॉलेज में जमा करा दिया है। मेडिकल की पढ़ाई करने वाले छात्रों के सामने अध्ययन के लिए देह की समस्या खड़ी हो रही थी। श्याम शाह मेडिकल कॉलेज को इसके लिए इंदौर से पांच देह मांगनी पड़ीं थी। इसके बाद यह मौका कॉलेज प्रबंधन के सामने नहीं आया। रीवा के लोगों में देहदान को लेकर सामने आ रहे हैं। अब तक कई लोगों ने अपने परिजनों का निधन के बाद देहदान किया और कई लोगों ने संकल्प भी लिया है। शपथ पत्र जमा किया है। इस कड़ी में अब पत्रकार जगत से वरिष्ठ पत्रकार और कलमकार जयराम शुक्ला का भी नाम जुड़ गया है। उन्होंने पत्नी के सामने मेडिकल कॉलेज पहुंच कर देहदान की सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं। उन्होंने यह संकल्प अपने 61 वें जन्मदिन के अवसर पर लिया है। उन्होंने यह निर्णय अपने पुत्र की सहमति के बाद लिया है। इस नेक काम में जयराम शुक्ला की पत्नी शशि शुक्ला ने भी साथ दिया है। उनकी इच्छा है कि उनके शरीर कर हर अंग किसी के काम आए और शेष शरीर मेडिकल के छात्रों के पढ़ने के काम आए। जयराम शुक्ला का कहना है कि उनके शरीर के जिगर, दिल, आंखें, किडनी से जरूरतमंद की जान बचे। शेष देह छात्रों को मानव शरीर का रचना विज्ञान समझाने के काम आए। उनके इस नेक पहल की सभी ने सराहना की है।

# विवि के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर सौंपा ज्ञापन

**रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विवि में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अनूप द्विवेदी ने इसे लेकर कुलपति को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि विवि में आवश्यकतानुसार व रखरखाव की दृष्टि से लगातार निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। लेकिन विवि में चल रहे कार्यों की गुणवत्ता व कार्य की प्रगति में लगातार प्रश्न चिन्ह उठ रहे हैं। पूर्व वर्षों से स्वीकृत कार्य अधूरे पड़े हैं। इससे सीधा प्रतीत होता है कि विवि के सिविल इंजीनियर के द्वारा कुछ विशेष ठेकेदारों से मिलकर गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है। पूर्व में भी कई माध्यमों से इसकी जानकारी विवि प्रशासन को मिलती रही है। इसके बाद भी कार्य में गुणवत्ता व प्रगति का निरीक्षण न होना सिविल इंजीनियर की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। विवि में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच किए जाने की मांग की गई है।


JAIPRAKASH
POWER VENTURES LIMITED

**Regd. Office :** Complex of Jaypee Nigrie Super Thermal Power Plant, Nigrie, Tehsil Sarai, District Singrauli - 486 669, (Madhya Pradesh)
**Corporate Office:** 'JA House' 63, Basant Lok, Vasant Vihar, New Delhi - 110057 (India)
**Website:** www.jppowerventures.com **Email:** jpvl.investor@jalindia.co.in **CIN :** L40101MP1994PLC042920

STATEMENT OF STANDALONE & CONSOLIDATED UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER/HALF YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2023

Rs. in Lakhs except Earning Per Share

| Sr. No. | Particulars | Standalone | | | | | | Consolidated | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Six Months Ended | | Year Ended | Quarter Ended | | | Six Months Ended | | Year Ended |
| | | 30.09.2023 | 30.06.2023 | 30.09.2022 | 30.09.2023 | 30.09.2022 | 31.03.2023 | 30.09.2023 | 30.06.2023 | 30.09.2022 | 30.09.2023 | 30.09.2022 | 31.03.2023 |
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| 1 | Total income from operations (net) | 135,915 | 171,469 | 150,128 | 307,384 | 333,058 | 592,193 | 135,923 | 171,475 | 150,133 | 307,398 | 333,068 | 592,215 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before tax and exceptional items) | 18,714 | 29,399 | 11,692 | 48,113 | 48,904 | 22,670 | 18,721 | 29,405 | 11,696 | 48,126 | 48,911 | 23,210 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional items) | 10,778 | 29,399 | 11,692 | 40,177 | 48,904 | 22,670 | 10,785 | 29,405 | 11,696 | 40,190 | 48,911 | 22,542 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional items) | 6,859 | 19,159 | 7,538 | 26,018 | 31,731 | 5,902 | 6,866 | 19,165 | 7,542 | 26,031 | 31,738 | 5,542 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) | 6,879 | 19,179 | 7,533 | 26,058 | 31,722 | 5,979 | 6,886 | 19,185 | 7,537 | 26,071 | 31,729 | 5,619 |
| 6 | Equity Share Capital | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 | 685,346 |
| 7 | Other equity | | | | | | 12,278 | | | | | | (21,346) |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (in Rs.) | | | | | | | | | | | | |
| | Basic : | 0.06 | 0.18 | 0.07 | 0.24 | 0.30 | 0.05 | 0.06 | 0.18 | 0.07 | 0.24 | 0.30 | 0.05 |
| | Diluted : | 0.06 | 0.18 | 0.07 | 0.24 | 0.30 | 0.05 | 0.06 | 0.18 | 0.07 | 0.24 | 0.30 | 0.05 |

**Note :** The above is an extract of the detailed statement of Quarter/Half Year ended financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full Quarter/Half Year ended financial results are available on the Stock Exchange websites i.e. **www.bseindia.com** & **www.nseindia.com** and also on the Company's website i.e. **www.jppowerventures.com**

JAYPEE GROUP

Place : New Delhi
Dated : 10th November, 2023

For and on behalf of the Board
MANOJ GAUR
CHAIRMAN
DIN 00008480

